प्रीलिम्स फैक्ट्स: 03 जून, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-03-06-2019

- समुद्री डकैती रोधी गश्त
- वित्तीय साक्षरता सप्ताह-2019

समुद्री डकैती रोधी गश्त

हाल ही में नौसेना ने ओमान के सलालाह (Salalah) से समुद्री डकैती को रोकने हेतु 'P-8I 'लॉन्ग रेंज मेरीटाइम सर्विलांस एयरक्राफ्ट' (P-8I Long-range Maritime Surveillance Aircraft) तैनात किया है।

- नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र (Indian Ocean Region- IOR) में अपनी मिशन आधारित तैनाती (Mission Based Deployments- MBD) के तहत अदन की खाड़ी (Gulf of Aden) में गश्त करने के लिये यह कदम उठाया है।
- MBD अवधारणा के तहत, नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में हर चोक पॉइंट पर किसी भी समय एक जहाज़ तैनात रखती है।

yamen

2008 से, भारत व्यावसायिक रूप से महत्त्वपूर्ण अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी (Anti-Piracy) गश्त कर रहा है।

P-8I विमान

- ‘P-8I लंबी दूरी की पनडुब्बी-रोधी वारफेयर (anti-submarine warfare), एंटी-सरफेस वारफेयर (anti-surface warfare), इंटेलिजेंस, सर्विलांस और टोही विमान’ हैं और व्यापक क्षेत्र (Broad Area), तटीय तथा समुद्री परिचालन में सक्षम हैं। लॉन्ग रेंज पनडुब्बी रोधी, सतह रोधी , खुफिया, निगरानी और टोही विमानों का उपयोग समुद्री और तटीय युद्ध कार्रवाइयों के लिये किया जाता है।
- हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में सभी महत्त्वपूर्ण चोक पॉइंट्स पर निगरानी रखने के लिये भारत ने वर्ष 2012 में अमेरिका से 12 ‘P-8I’ समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी विमानों का 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर में सौदा किया था।

वित्तीय साक्षरता सप्ताह-2019

हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने 3-7 जून, 2019 तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2019 मनाए जाने की घोषणा की है।

- वर्ष 2019 के लिये वित्तीय साक्षरता सप्ताह (Financial Literacy Week) की थीम है- ‘किसान’ और ‘औपचारिक बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा होने से उन्हें कैसे लाभ होता है’।
- इस सप्ताह के दौरान देश के किसानों को वित्तीय साक्षरता प्रदान की जाएगी तथा उन्हें विभिन्न वित्तीय पहलुओं से अवगत कराया जाएगा।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों और अन्य हितधारकों के लिये 13 भाषाओं में साहित्य भी लॉन्च किया है।
- वित्तीय साक्षरता सप्ताह आरबीआई का एक केंद्रित अभियान है जिसके माध्यम से हर साल प्रमुख विषयों पर जागरूकता को बढ़ावा दिया जाता है।
- इस पहल का उद्देश्य वित्तीय उत्पादों और सेवाओं, अच्छी वित्तीय प्रथाओं, डिजिटल तथा उपभोक्ता संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना है।